मैत्री समूह

Year - 15, Issue - 3

# Chirping Sparrow

A Newsletter of Maitree Samooh

## संयम स्वर्ण महोत्सव वर्ष विशेषांक

(आचार्य श्री विद्यासागरजी का पचासवां दीक्षा दिवस)



जो ज्योति-सा मेरे हृदय में
रोशनी भरता रहा वह देवता।
जो साँस बन इस देह में
आता रहा जाता रहा वह देवता।
जिसका मिलन इस आत्मा में
विराग का कोई अनोखा गीत बनकर,
गूँजता प्रतिक्षण रहा वह देवता।
मैं बँधा जिससे मुझे जो मुक्ति का
सन्देश नव देता रहा वह देवता।
जो समय की तूलिका से मेरे समय पर
निज समय लिखता रहा वह देवता।
जो मूर्ति में कोई रूप धरता पर
अरूपी ही रहा वह देवता।
जो दूर रहकर भी सदा से साथ मेरे है
यही अहसास देता रहा वह देवता।
मैं जागता हूँ या नहीं यह देखने द्वार पर
मेरे दस्तक सदा देता रहा वह देवता।
जो गति मेरी नियति था ठीक
मुझ-सा ही मुझे करता रहा,वह देवता।

**– मुनिश्री क्षमासागरजी**



Prof. Narendra Bhandari

Dr. Narendra Bhandari is a prominent space scientist and has done extensive research in several areas of Planetary and Earth Sciences. After completing his doctorate degree in Physics from Bombay University and TIFR (Mumbai), he worked at the University of California as a Post-doctoral fellow and later as a Research Chemist for several years.

He has been the Chairman of Geosciences Division at Physical Research Laboratory and had started ISRO's Planetary Sciences and Exploration (PLANEX) program. He was a member of the “Moon Mission Task Force and Science Advisory Board” of Chandrayaan-1 and a member of the instrument selection committee for the Mars Orbiter Mission.

Prof. Bhandari has received several national and international awards and recognitions. He was elected President of the International Lunar Exploration Working Group (2004-2006). For his contributions to Lunar sciences, he was awarded Vikram Sarabhai Award for Planetary and Space Science (1976) and a Certificate of Special Recognition by NASA in 1979. Recently, he has also been honored with ISRO’s prestigious Outstanding Achievement Award for his contributions to the Indian Space Program. Apart from the academic writings, he has also edited and published several articles and books on scientific aspects of Jainism. His noteable books include "Falling Stones and Secrets of the Universe", “The Mysterious Moon and India’s Chandrayaan Mission”, etc.

His books "Jinatva Ka Path (Hindi) and "Jainism: an Eternal and Universal Path to Enlightenment" are go-to-guides for scientific aspects of Jainism. He is a strict follower of moral values and currently holds the Chair of Science and Spirituality at Bhagvan Mahavir International Research Centre of Jain Vishva Bharati Institute.

https://www.nbhandari.com/

परम पूज्य मुनिश्री क्षमासागरजी की अद्वितीय कृति ‘आत्मान्वेषी’ पर आधारित समनाम संगीतमय नाटिका ‘आत्मान्वेषी’ (नाट्य रूपांतरण–श्रीमती अर्चना मलैया) का मंचन मैत्री समूह के सहयोग से विवेचना रंगमंडल, जबलपुर द्वारा कई स्थानों पर सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आचार्य श्री विद्यासागर जी के पचासवें दीक्षा दिवस, ‘संयम स्वर्ण महोत्सव’ के पावन अवसर पर मैत्री समूह इस नाटिका का मंचन देश भर के अन्य 50 स्थानों पर भी करवाने की भावना रखता है। अगर आप इस भव्य नाटिका का मंचन अपने नगर में आयोजित करने के इच्छुक हैं तो +91 7694005092, +91 9425424984 पर संपर्क करें।

साथ ही, आप और हम मिलकर इस संयम महोत्सव वर्ष को अहिंसा और करुणा के प्रतिपादन में आदर्श वर्ष बनाने का प्रयत्न कर सकते हैं। हम सब अपने–अपने स्तर पर या संयम महोत्सव समिति के माध्यम से करुणा, अहिंसा और वात्सल्य के कार्यों (जरूरतमंद लोगों की सहायता, बच्चों की शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप, बीमारों की मदद, इत्यादि) से जुड सकते हैं।












Chirping Sparrow

Chirping Sparrow is published by **MAITREE SAMOOH**. Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com,
Website : **www.maitreesamooh.com**, Mob.: **94254-24984, 7694005092**
www.facebook.com/maitreesamooh

It is circulated to all Young Jaina Awardees and friends of Maitree Samooh.

# Modern Physics and Jain Darshan



In the physical world, as in philosophy, things or ideas have plurality of attributes and these can be apparently contradictory or conflicting. Anekāntvād successfully harmonizes or accommodates such views and completes the description of physical reality. But when we talk of manyfoldedness, the question obviously arises, how many? Certainly more than one but can it be infinite? Saptbhangi or sevenfoldedness is a corollary of Anekāntvād. This has been very clearly explained by D.S. Kothari in his essay on "Complementarity principle and Eastern philosophy".

Anekāntvād explains seemingly contradictory propositions in daily life, philosophy, macroworld, and in spiritual domain. It brings in the concept of Avyakta or inexpressibility of certain states. Questions which cannot be answered in affirmative or negative, like the existence of soul, can be dealt within the framework of Anekāntvād. It is, it is not; it is and yet it is not, it cannot be expressed and so on. This concept is similar to the quantum behaviour, which cannot always be expressed in language. Anekāntvād is not simply a multiview perception theory. It is not only looking at an object from different perspectives but also emphasizes that the object cannot be known from all the perspectives. Anekāntvād is as fundamental as the uncertainty principle, which states that some properties cannot be measured accurately, not because of instrumental limitations but because of inherent limitation of knowledge.

Syādvād, another corollary of Anekāntvād, is also a cornerstone of Jainism. It has been translated as "perhaps", or "May be". That appears to me a crude definition. Can we extend and quantify it to include the uncertainty principle or derive the uncertainty principles from the framework of Syādvād? Uncertainty principle is one of the most fundamental principles applicable equally well to the realms of all physical microworlds and may be (in my opinion), the cause of biological evolution. The uncertainty, e.g. in energy levels gives a choice for a variance in combinations or in taking part in different chemical reactions. Without uncertainty biology will be like ordinary organic chemistry such as polymerization and animate could not have evolved from inanimate. Syādvād, therefore, must be thought of as going beyond "may be", or used as an instrument for tolerance in society, and should also be seen equivalent to the principle of uncertainty ($\Delta p \Delta x = h$; $\Delta E \Delta t = h$). In manyfoldedness, or Anekāntvād , the uncertainty can be defined in a more profound way.

**According to the principle of Saptabhangi, reality can be described in seven ways i.e. it exists, it does not exist, it exists and yet it does not exist, indeterminable, its existence is indeterminable, its non existence is indeterminable and its existence as well as non existence is indeterminable or inexpressible.** Saptabhangi has been explained very succinctly by Dr. Kothari in a quantum mechanical way by taking the example of a particle in a box which is divided by a partition with a hole into two compartments. Because of the particle-wave duality, the particle can be in compartment A, or in compartment B, in A and still not in A, in B and still not in B, not in A and B, in A as well as in B and in an indeterminate state (avyakta). The same solutions emerge from the considerations of quantum mechanics as has been shown mathematically by taking wave functions.

Sometimes light or a photon behaves like a compact object i.e. a particle and sometimes like a wave (similar to a ripple that we see in a pond). A photon or an electron, for example, “knows” when it should behave like a particle and when it should behave like a wave. In the famous two slit experiment, a beam of photon shines through two slits and hits upon a photographic plate behind the slits. The experiment can be run in two ways: one with photon detectors right beside each slit so that the photons can be observed as they pass through the slits and or with detectors removed so that the photons can travel unobserved. When the detectors are in use, every photon is observed to pass through one slit or the other. Essentially the photons behave like particles. However, when the photon detectors are removed, a pattern of alternating light and dark spots, produced by interference of light are observed indicating that the photons behave like waves, with individual photon spreading out and surging against both the slits at once. The outcome of the experiment then depends on what the scientists want to measure.

Before we end this discussion, it is pertinent to ask "What benefit will accrue by seeing a common ground between religion and physics?” Well the answer is obvious but must be stated here for clarity. Firstly, if the religion is based on physics then the intra-religion and inter-religion contradictions can be dispensed with.

Everyone believes in physical laws because they are experienced in daily life. So if religion has a basis in the well established physical laws then there is no need to compartmentalize various religions. The apparent contradictions may be simply due to different emphasis on different aspects of physical laws and when they are complete, they will probably all become the same.

**Dr. Narendra Bhandari** (nnbhandari@yahoo.com)

# जिनवाणी की आराधना (श्रुत पंचमी पर विशेष)



जिनवाणी में कही गई बातें बड़ी मौलिक हैं, जिनका पालन करने से अपना और दूसरे का, सबका भला होता है। केवल किताबी ज्ञान के बल पर या ज्ञान की खूब चर्चा करने मात्र से कल्याण नही होता। जिनवाणी का अल्पज्ञान भी हो, लेकिन मन मे निर्मलता हो, संतोष हो, श्रद्धा–भक्ति हो, तो कल्याण हो जायेगा। आचार्यों ने यह भी कहा है कि द्रव्यश्रुत ज्ञान अल्प भी हो लेकिन भावश्रुत रूप आत्मज्ञान हो तो उसका काम आसानी से हो जायेगा। शिवभूति नाम के मुनिराज को थोड़ा ही ज्ञान था, उनके गुरू ने उन्हें णमोकार मंत्र सिखाया तो वे उसे भी नहीं सीख पाये, भूल गये। गुरूजी ने 'मा रूषः मा तूषः' यानि राग द्वेष मत करो, ऐसा मंत्र दिया, मुनिराज वह भी भूल गये और उसके स्थान पर 'तुष–मास भिन्नं' ऐसा बोलने लगे। एक दिन शिवभूति महाराज रास्ते से गुजर रहे थे, उनकी दृष्टि उड़द की दाल साफ करने वाली एक बूढी अम्मा पर पड़ी। उड़द को मास कहते हैं और उसके छिलके को तूष कहते हैं। मुनिराज सोच मे डूब गये। उन्हें लगा कि जैसे दाल से छिलका अलग है, ऐसे ही मेरी आत्मा शरीर से भिन्न है। इतनी ही बात भेद विज्ञान में कारण बन गई, उन्हें आत्मज्ञान हो गया। परिणामों में ऐसी निर्मलता आई कि एक अन्तर्मुहूर्त में ही अपने कर्मों का क्षय करके उन्होंने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया।

भाई जिनवाणी की ऐसी महिमा है अपन को मात्र णमोकार मंत्र ही आता हो, लेकिन आस्था और आचरण में निर्मलता हो तो इतना भी पर्याप्त है, कल्याण हो जायेगा। णमोकार मंत्र मे पूरा द्वादशांग समाया है, पूरी जिनवाणी समाई है। आचार्य वीरसेन स्वामी के चरणों में विनयभाव से बैठें तो वे बताते हैं कि श्रद्धापूर्वक पंचनमस्कार मंत्र का स्मरण या ध्यान करने से असंख्यात गुनी कर्मों की निर्जरा की जा सकती है। जिनवाणी की अनेक विशेषताएं हैं, आचार्य समंतभद्र स्वामी ने शीतलनाथ भगवान की स्तुति करते हुये लिखा – 'न शीतलाश्चंदन चंद्ररश्मयो, न गाङ्गमम्भो न च हारयष्ट्यः। यथा मुनेस्ते नघवाक्यरश्मयः, शमाम्बुगर्भाः शिशिरा विपश्चिताम्।' हे भगवन्! संसार में चंदन को शीतल माना है, चांदनी शीतल मानी गई है, गंगा का जल, मोती की माला और बर्फ के कणों को शीतल माना है, पर वास्तव में ये शीतलता देने वाले नहीं हैं इनसे आत्मा को शीतलता नहीं मिलती, ये तो मात्र शरीर को क्षणिक शीतलता देने वाले पदार्थ हैं। संसार मे एक मात्र आपकी निर्दोष पवित्र वाणी है, जो हम सब दुःख से संतप्त जीवों को शाश्वत शीतलता देने वाली है, जिनवाणी हमें वास्तविक शान्ति और शीतलता देने वाली है।

हमारे आचार्य–महाराज ने चार लाइनें जिनवाणी की आराधना करते हुए लिखी हैं, जो पूर्वाचार्यों के भाव को ही व्यक्त करने वाली है –पीयूष है विषय–सौख्य विरेचना है, पीते सुशीघ्र मिटती चिरवेदना है। जरा–जन्म–रोग निवारती है, संजीवनी सुखकरी जिनभारती है। भाई, जिनवाणी तो अमृत है। स्वर्गलोक के देव जो अमृतपान करने वाले कहलाते हैं, उन्हें भी आयु पूर्ण होने पर मृत्यु को स्वीकार करना पड़ता है। परन्तु जिनवाणी तो सचमुच अमृतस्वरूप है, जिसका सेवन करने से यानि जिसका अभ्यास करने से अनादिकाल से चली आ रही संसार की वेदना मिट जाती है। भौतिक–सुखों से विरक्ति हो जाती है और जन्म–मरण और बुढ़ापे से सदा के लिए छुटकारा हो जाता है। शाश्वत् सुख की प्राप्ति हो जाती है।

जिनवाणी के प्रति अनुराग रखने से, उसका सही–सही अभ्यास करने से, हमारा वर्तमान जीवन सहज, सरल और संवेदनशील बनता है, यही जिनवाणी के अभ्यास की उपलब्धि है। एक युवक अपने गुरू से आज्ञा लेकर एकांत स्थान मे ज्ञान का अभ्यास करने लगा, एक साल तक उसने ग्रंथो का अध्ययन किया पर मन में संतोष नहीं हुआ। उसने गुरू से आज्ञा लेकर फिर एक साल और गहन अध्ययन किया। ग्रंथो के अर्थ निकालने में वह निष्णात (एक्सपर्ट) हो गया। लेकिन इतने के बावजूद भी मन नहीं भरा। वह जो एक भीतरी तृप्ति मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली। गुरू के पास खबर पहुँची तो गुरू ने एक साल और अध्ययन करने की स्वीकृति दे दी, तो इस बार तो वह मानो कि ग्रंथो में ही डूब गया। साल कब बीत गया, पता ही नहीं चला। गुरूजी ने कहा अब लौट आओ, उसने भी सोचा कि लौट जाना चाहिए, अकेले ग्रंथो मे डूबे रहने से काम नहीं चलेगा, अध्ययन चिंतन मनन पर्याप्त नहीं है। जिनवाणी का अभ्यास तो तभी कहलायेगा, जब जिनवाणी के अनुरूप हमारा जीवन बन जाये। वह युवक वापिस लौटने लगा। रास्ते में उसने देखा कि गाय का एक छोटा सा बछड़ा पीड़ा से तड़प रहा है, वह उसके समीप पहुँचा तो मालूम पड़ा कि बछड़े के पैर में घाव हो गया है। उसमे कीड़े पड़ गये हैं। उसमें युवक ने अपना दुपट्टा पानी में भिगोकर घाव साफ किया और जड़ी–बूटी पीस कर घाव पर लगा दी, पट्टी बाँध दी। बछड़े को बड़ी राहत मिली, उसने आँख खोलीं और युवक की और कृतज्ञता से देखा, युवक की आँखे भर आयीं, उसने अत्यंत तृप्ति महसूस की। उसे लगा कि जो ज्ञान अध्ययन के दौरान नहीं मिला, जो तृप्ति अध्ययन के दौरान नहीं मिली वह आज मिल गई। जीवन सहज, सरल और संवेदनशील हो जाए यही तो जिनवाणी का सही अभ्यास है, यही तो अध्ययन की उपलब्धि है।

भैया खूब रूचिपूर्वक जिनवाणी का अध्ययन, चिंतन–मनन करें, जिनवाणी की आराधना करें, जिनवाणी का अभ्यास करें, लेकिन यह बात सदा याद रहे कि यह सब जीवन को अच्छा बनाने के लिए, स्वकल्याण के लिए है।

**– मुनिश्री क्षमासागरजी**

# शंका समाधान

**Q : जैन धर्म अत्यन्त प्राचीन और वैज्ञानिक धर्म है। क्या कारण है कि विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्रों में इस धर्म का फैलाव नहीं हो पाया? इस धर्म का अनुयायियों की दृष्टि से निरन्तर सीमित होते जाने का आप क्या कारण मानते हैं ?**

**A :** गांधी जी कहते थे, ''मैं अंहिसा और सत्य में विश्वास रखता हूँ, यदि अहिंसा और सत्य में विश्वास रखने से कोई जैन कहलाता है तो मुझे स्वयं को जैन कहने में संकोच नहीं है।''

मानिए, अच्छाइयों का अनुसरण करने वाले इस कलियुग में धीरे–धीरे घटते जाऐंगे, यह बात हम सभी अनुभव कर रहें है। जैन धर्म आत्मज्ञान या वीतराग विज्ञान की शिक्षा देता है, वह भौतिक–ज्ञान और भौतिक सुख–सुविधाओं में सच्चा–सुख नहीं मानता। वर्तमान में भौतिक–ज्ञान और भौतिक–सुख–सुविधा के साधनों के सद्भाव में सुख मानने वाले और इनके अभाव में दुःख मानने वाले लोग बहुतायत में हैं। इतना ही नहीं बल्कि जो भौतिक–सुख–सुविधाओं की पूर्ति कर सके या सांसारिक मनोकामनाओं को पूर्ण कर सके उसे ही श्रेष्ठ धर्म मानने और उसी का अनुसरण करने वाले लोग अधिक संख्या में हैं। ऐसी स्थिति में आत्मज्ञान और आत्मिक सुख पाने के लिये प्रयत्नशील लोगों की संख्या अल्प होना स्वाभाविक है।

जैन धर्मावलम्बियों ने धर्म परिवर्तन के द्वारा या अनियंत्रित संतान उत्पत्ति के द्वारा अपनी संख्या बढ़ाने का प्रयत्न कभी नहीं किया बल्कि सभी अन्य सम्प्रदायों के साथ सौहार्द्र रखते हुए देश की जनसंख्या नियंत्रण योजना में अधिकतम सहयोग दिया है। ऐसी स्थिति में जैन कुल में उत्पन्न होने वाले जैनों का अल्प होना स्वाभाविक है।

**Q : जैन की परिभाषा क्या है ?**

**A :** 'जयति इति जिनः' या 'कर्मारातीन जयति इति जिनः', 'जिनस्य उपासकाः जैनाः' ऐसी परिभाषा बनाई है। जिसने अपने कर्मों को जीत लिया है उनको जिन बोलते हैं, और जिनेन्द्र भगवान के उपासकों को जैन कहते हैं। और जिनेन्द्र भगवान के द्वारा कहे गये सिद्धांत को या धर्म को जैन धर्म कहते हैं। 'जैन' शब्द जिन के उपासक के लिए प्रयोग में आता है। आज के इस आधुनिक युग में जैन कौन है? जो अपने कर्मों को जीतने की भावना रखता है, जो अपने इंद्रिय और मन को जीतने में लगा हुआ है, या और सरल शब्दों में कहें, जो अहिंसा और सत्य में विश्वास रखता है, वो जैन है कर्मों से, और जिसने जैन कुल में जन्म लिया वो जैन है जन्म से। दोनों ही अपने आप में सही हैं। जैन कुल में जन्म लेना भी किसी पूर्व पुण्य के उदय से संभव हुआ है और वर्तमान में हमने अपने, इंद्रिय मन को जीतना शुरू कर दिया, या अपने कर्मों को कैसे जीतूं, ऐसी भावना शुरू कर दी है, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चल रहा हूँ, तो मैं जैन हूँ, चाहे जैन कुल में पैदा हुआ हूँ या नहीं।

आज के इस भौतिक युग में जो अहिंसा और सत्य पर विश्वास रखता है वो भले ही अपने साथ जैन लगाए या ना लगाए, वो तो जैन ही कहलाएगा, वो जिनेन्द्र भगवान का उपासक कहलाएगा, कर्म से।

**Q : खराब समय आए, उस समय धर्म भी अच्छा ना लगे, समता भाव भी ना रख पाएँ, तब फिर क्या करना चाहिए ?**

**A :** शांत होकर के देखना चाहिए, जैसे कि बाढ़ में फँस गये हैं, तो क्या करना चाहिए, हाथ पैर चलाना चाहिए क्या ? नहीं ! छोड़ दो, कोई effort नहीं करो। बहाव में अपने को बहने दो, लेकिन सावधान रहो, जहाँ भी कोई पेड़ की टहनी या कोई छोटा सा पकड़ने का स्थान दिखे, वहाँ फौरन लपक के पकड़ लो, और बचा लो अपने जीवन को। ठीक ऐसा ही, जब कर्मों का flood आता है, जब भीतर कर्मों का बहुत तीव्र प्रवाह आता है तब कुछ नहीं सूझता। ना धर्म सूझता है और ना कर्म सूझता है। तब फिर क्या करना ? उस बहाव में, शांति से, सजग भावों से सोचें कि देखो मेरे कैसे कर्मों का उदय है, कल तक जो धर्म अच्छा लगता था, आज वो मिथ्या मालूम पड़ता है, बहुत तीव्र कर्म का उदय है। अभी मुझे कोई decision नहीं लेना है जीवन का, शांति से इस कर्मों के बहाव को निकल जाने दो। जैसे ही ये थोड़ा सा शांत होगा, मैं फ़ौरन अपना काम शुरू करूँगा। अपन लोग उसी समय, अपना patience खो देते हैं जिन क्षणों में हमारे कर्मों का तीव्र उदय आता है। इसीलिए जब अपने सुख के दिन हैं तब अपन को धैर्य का अभ्यास कर लेना चाहिए। नहीं तो दुःख में धैर्य खो जाता है। आचार्य महाराज कहते है कि दुःखपूर्वक जिसने विद्या हासिल की है वो सुख में भी गायब नहीं होती लेकिन सुखपूर्वक जिसने विद्या हासिल की वो दुःख आने पर गायब हो जाती है। इसीलिए हमेशा जब विपत्ति आए, उसके पहले अच्छी स्थिति में अपने अंदर सामर्थ्य (resistance) create करनी चाहिए। लेकिन अपन बेसुध हो जाते हैं। सुख में भी बेसुध हो जाते, भैया दुःख में तो होते ही हैं। जब सब अपना मन का चलता है तब भी अपन बेसुध ही हैं एक तरह से। दोनों स्थिति में ऐसे जीता जा सकता है (सुख में सुधपूर्वक धैर्य का अभ्यास करके और दुःख में शांति और समताभाव रखकर)।

**यदि आपकी कोई शंका या प्रश्न है, तो हमें लिख भेजिये।**



गौतम बुद्ध के जीवन की एक घटना है। उनके जन्म के समय राजा शुद्धोधन के महल में उत्सव मनाया जा रहा था, उस समय हिमालय पर निवास करने वाले असित नाम के एक महान ऋषि को जब इसकी जानकारी मिली कि शुद्धोधन के घर में एक दिव्य बालक ने जन्म लिया है और देवता अत्यधिक प्रसन्न हो रहे हैं तो वे राजा के महल के द्वार पर पहुँच गए।

राजा ने उन्हें आदर–सत्कार से बैठाया, आशीर्वाद प्राप्त किया और पधारने का कारण पूछा। असित ऋषि बोले – आपके घर जिस पुत्र का जन्म हुआ है, मैं उसे देखने के लिए आया हूँ। राजा ने उत्तर दिया कि बालक अभी सोया है, आप कृपया प्रतीक्षा करें। ऋषि ने जो उत्तर दिया, वह सुनकर राजा चौंक उठे। ऋषि बोले – राजन्, इस तरह की दिव्य विभूति देर तक सोती नहीं रहती। वे स्वभाव से जागरूक रहते हैं। अच्छे लोग अधिक देर सोयेंगे तो जागरण का काम कैसे संपन्न होगा। याद रखिए शयन का नियंत्रण व्यक्तित्व में तेज भरता है।

उसी समय राजन को संकेत मिला कि बालक जाग गया है। बालक को देखते ही ऋषि को ध्यान आया कि पूर्व में भविष्यवाणी हो चुकी है कि जिसके शरीर में गौतम कि तरह बत्तीस महापुरुषों के लक्षण होंगे, उसकी दो गतियाँ होंगी। यदि वह गृहस्थ रहेगा, तो चक्रवर्ती नरेश होगा और यदि वह गृह त्यागकर साधुता के मार्ग पर चलेगा, तो वह महान ऋषि बनेगा। फिर बालक की ओर देखकर ऋषि रोने लगे। राजा ने रोने का कारण पूछा, तो ऋषि बोले – मैं बच्चे के लिए नहीं, अपने लिए रो रहा हूँ, क्योंकि इसके जीवन में सदैव जागरण अवस्था रहेगी। यह बोधि लाभ को प्राप्त होगा। लोक कल्याण के लिए अपना धर्मचक्र स्थापित करेगा, लेकिन उम्र हो जाने के कारण उस समय मैं इसका दर्शन नहीं कर सकूंगा। मैंने आज इसे जागते हुए देख लिया है, मुझे संतुष्टि हो गयी है।

---

## उम्मीद



एक बार एक कमरे में पाँच मोमबत्तियाँ जल रही थीं। कमरे में बेहद शांति थी। पांचों मोमबत्तियाँ आपस में बात करने लगीं। पहली मोमबत्ती बोली, 'मैं "शांति" हूँ परंतु लोग यहाँ हमेशा एक दूसरे से द्वेष रखते हैं और कोई भी व्यक्ति मुझे एक समान अपने साथ नहीं रखता, इसीलिए मुझे यहाँ से चले जाना चाहिए।' यह कहते–कहते वह मोमबत्ती बुझ गयी। अब दूसरी मोमबत्ती बोली,'मैं "विश्वास" हूँ लेकिन यहाँ के लोग मुझे पसंद नहीं करते, क्योंकि मैं कभी–कभी टिके रहने के लिए कड़ी परीक्षा लेती हूँ, इसीलिए मुझे भी यह जगह छोड़ देनी चाहिए।' यह बोल कर वह मोमबत्ती भी बुझ गयी। अब तीसरी मोमबत्ती बोली, 'मैं "प्यार" हूँ, पर यहाँ के लोग मेरे महत्व को नहीं समझते और मुझे किनारे रख कर ही बाकि काम करते हैं, यहाँ तक कि आज लोग मुझे थोड़े से फायदे के लिए बेच देते हैं, मेरी कोई इज्जत नहीं, तो मैं भी यहाँ रह कर क्या करूं।' यह कह कर वह मोमबत्ती भी बुझ गई। इसके बाद चौथी मोमबत्ती बोली, 'मेरा नाम "सफलता" है, लोग मेरी चाहत तो करते हैं, परन्तु मुझे सम्भाल कर नहीं रख पाते, ऐसी स्थिति में मेरा रहना कहाँ तक उचित है?' इसके बाद वह मोमबत्ती भी बुझ गई। तभी एक बच्चा उस कमरे में दाखिल हुआ। बुझी मोमबत्तियों से कमरे में हुए अँधेरे को देख कर वह डर गया और रोने लगा। तभी पाँचवी मोमबत्ती, जो अब भी जल रही थी, बोली, 'मत रो और डरो भी मत, जब तक मैं हूँ, बाकी चारों मोमबत्तियां भी जल जायेंगी और मैं अपने रहते कतई उनको बुझने नहीं दूंगी, क्योंकि मैं "उम्मीद"हूँ।' यह सुन कर बच्चे की आँखों में चमक आ गई और वह आत्मविश्वास और निडरता से भर उठा।

जीवन में कई ऐसे मौके आते हैं जब हम सोचते हैं कि हमें उतनी सफलता नहीं मिली जितनी हमने उम्मीद की थी, उतने marks नहीं आये जितने सोचे थे, जैसा सोचा था, वैसा business नहीं हो पाया, जिस college में सोचा था, वहाँ दाखिला नहीं मिला... इत्यादि। यानि होने वाला काम हमारी मर्जी के मुताबिक नहीं हो सका। इस का परिणाम यह होता है कि हम अपना आत्मविश्वास खो देते हैं जिससे हमारी आशायें या उम्मीद खुद ही समाप्त हो जाती है, लेकिन हमें यह जान लेना चाहिए कि इस world में ऐसा कोई भी सफल व्यक्ति नहीं है जिसने कभी न कभी घोर असफलता का मुँह न देखा हो।

महान लोगों की सफलता का सबसे बड़ा राज़ यही है कि उन्होंने कभी भी उम्मीद को अपने आप से अलग नहीं होने दिया।



परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के परम शिष्य
मुनिश्री क्षमासागरजी की प्रेरणा से आयोजित

ALL INDIA

# Young Jaina Award 2017

## जैन युवा प्रतिभा सम्मान 2017



### आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं...

मैत्री समूह द्वारा समूचे भारतवर्ष के शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले जैन छात्र-छात्राओं को Young Jaina Award से सम्मानित किया जाता है। सन् 2017 में 10वीं कक्षा में 85%, 12वीं कक्षा में साइंस में 80% और आर्ट्स एवं कॉमर्स में 75% या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले जैन छात्र-छात्राएँ हमारी बेवसाइट www.maitreesamooh.com पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र भर सकते हैं। खेल में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले, विकलांग या अपने राज्य में मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं के लिये निर्धारित अंक सीमा की बाध्यता नहीं रहेगी।

### आवेदन की अंतिम तिथि - 15 जुलाई 2017

आवेदन-पत्र में आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ (नवीनतम) हमारी बेवसाइट पर अपलोड करना होगा। यंग जैना अवार्ड 2017 के लिये चयनित विद्यार्थी अपना वरीयता क्रम 20 अगस्त 2017 के उपरांत www.maitreesamooh.com पर देख सकते हैं। यंग जैना अवार्ड 2017 के आयोजन की तिथि एवं स्थान की जानकारी 30 अगस्त 2017 के उपरांत www.maitreesamooh.com पर देख सकते हैं।

Printed at : Advanced Line, 0755-4274286

**मैत्री समूह** पोस्ट बॉक्स नं. 15, विदिशा (म.प्र.) 464 001

e-mail : samooh.maitree@gmail.com website : maitreesamooh.com Mobile : 09425424984, 07694005092


कृपया इस पोस्टर को मंदिरजी में अवश्य लगायें

आवेदन संबंधी किसी भी जानकारी के लिए कॉल करें (सांय 7 से 9 बजे तक)- बैंगलोर-09900213045, हैदराबाद-07207191132, मुम्बई-09773536530, 08983694093 पुणे-09011050486, सागर-09826480996, दिल्ली-09999453770, शिवपुरी-09406965576, भोपाल-09981554559, ग्वालियर-09425137669

मैत्री समूह

# आत्मान्वेषी

**(मुनि क्षमासागर जी द्वारा लिखित पुस्तक आत्मान्वेषी से साभार)**




आचार्य विद्यासागरजी की कृति–पताका आज सारे देश में फहरा रही है, वह जैन आचार्य हैं किन्तु उनका प्रेम और उनकी करूणा एवं संवेदनशीलता किसी धर्म विशेष तक सीमित नहीं है – वह सबके हैं, सब उनके हैं। सन् 1958 में हमने गोमुख की पैदल यात्रा की थी, गोमुख भागीरथी का उद्गम है। गंगोत्री से गोमुख जाते हुये ऐसा प्रतीत हुआ मानों हम किसी देवलोक मे विचरण कर रहे हैं। मन के किसी भी कोने में मलिनता का लेश नहीं रहा। ऐसी निर्मलता जीवन में शायद ही पहले अनुभव हुई हो, कुछ ऐसी ही अनुभूति आत्मान्वेषी पुस्तक को पढते समय हुई। लगा जैसे किसी अलौकिक प्रदेश में किसी अलौकिक विभूति के साथ संचरण कर रहे हैं, जीवन की सम्पूर्ण पावनता मुखर हो उठी।

पुस्तक के लेखक हैं आचार्य श्री के परम शिष्य मुनि क्षमासागर। वैसे वह दिगंबर साधु हैं, पर अपने गुरू के समान हृदय उन्होनें माँ का पाया है। जननी संतान को जन्म देती है पर एक समय आता है, जब वह माँ बन जाती है और सबको अपने प्यार की प्रसादी देती है। लेखक ने स्वभाविक रूप से गाथा वर्णन करने के लिये माँ को निमित्त बनाया है। लेखक की दृष्टि बडी पैनी है परन्तु पुत्र के बहिरंग से अधिक अंतरंग झाँकी प्रस्तुत करने में माँ से अधिक सक्षम और कौन हो सकता है? इसीलिए इस गौरव गाथा को कहने के लिये उन्होंने शायद माँ को चुना है।

वस्तुतः यह पुत्र विद्याधर की यात्रा नहीं है, धर्म की यात्रा है। जिस प्रकार तीर्थ यात्रा में पडाव आते हैं उसी प्रकार इस यात्रा मे भी अनेक पडाव आये हैं – पहला पडाव बचपन का है।

माँ अपने यशस्वी बेटे की जाने क्या–क्या बातें याद करती है। 'उस दिन शरद् पूर्णिमा थी, जब तुमने मेरे घर जन्म लिया। चन्द्रमा की चाँदनी तुम्हारे देह में समा गई है। हवा में झूलते तुम्हारे दोनों हाथ, मानों आकाश को अपने में समेट लेना चाहते थे। मुझे लगा सचमुच आकाश आँचल में सिमट आया है। तुम्हें पाकर एक बार फिर अपने माँ होने का गौरव मेरे अंग–अंग को पुलकित कर गया।' माँ बताती है कि पूत के पाँव पालने में ही दिखाई दे गये थे, बालक विद्याधर आरम्भ से ही धर्म के प्रति अनुरक्त था। वह विद्या अध्ययन करता था, लेकिन उसका लक्ष्य पुस्तकीय ज्ञानार्जन न होकर आत्मज्ञान की उपलब्धि पर केन्द्रीभूत था।

बचपन से आरम्भ हुई कहानी आगे चलती गई, पड़ाव पर पड़ाव आते गये। माँ की स्वाभाविक इच्छा होती है कि उसकी संतान की घर–गृहस्थी बसे। बडे होने पर विद्याधर के सम्बंध में माँ की वही स्वाभाविक इच्छा थी परन्तु बेटे की संसार के प्रति विरक्ति देखकर वह चुप रह जाती थी।

गौतम बुद्ध ने जब गृह त्यागा था, यशोधरा से पूछा नहीं था। यशोधरा को बहुत समय तक शिकायत रही। विद्या ने भी वही किया – घर में माँ थी पर उनसे कहा नहीं और चुपचाप घर छोड़ कर चले गये। माँ के मन में क्षणिक पीड़ा होती है किन्तु उसके पीछे पुत्र की दृष्टि उसके सामने उजागर हो जाती है। वह कहती है, 'बचपन से ही मैं तुम्हें अपने पराये सभी की पीड़ा से विचलित और अनुकंपित होते हुये देखती आयी हूँ। सो आज तुम्हें यह उलाहना दे बैठी कि मुझसे बिना पूछे चले गये और मेरी पीड़ा का जरा भी ख्याल नही किया। पर नहीं विद्या, मैं तुमसे कुछ नहीं कहती! मैं जानती हूँ तुम्हारी करूणा असीम है। यह तो मेरा ही मोह है जो मुझे रूलाता है, वास्तव में एक तुम ही तो हो जो मेरी जन्म–जन्म की पीड़ा को जान गये हो और मुझे मोह से मुक्त होने का संदेश देकर अकेले छोड़कर चले गये हो। मैं समझ गई हूँ। यहाँ सब अकेले हैं, अकेले आते हैं और अकेले ही चले जाते हैं। धर्म के सिवाय कोई भी तो ऐसा नहीं है जो हमारा सच्चा साथी हो सके। ''माते बालस्य हितानुशास्ता'' माँ की तरह बालक का हित चाहने वाले हे शास्ता! तुम्हारे चरणो में तुम्हारी माता का प्रणाम।' समूचे लोक के कल्याण का दायित्व ही मनुष्य का सबसे बडा दायित्व है। आगे फिर वह कहती है, 'जाओ विद्या जाओ, मैं तुम्हें नहीं रोकती। तुम अपने इस सर्वश्रेष्ठ दायित्व को पूरा करो! तुम आत्म विजेता बनकर अपने निज घर पहुँचो, तुम्हारी माँ वहीं मुक्ति द्वार पर तुम्हारे स्वागत के लिये आरती सजाये प्रतीक्षा करती मिलेगी।' माँ कहती है, 'महाराज गुरू ज्ञानसागर जी के चरणो में बैठकर तुमने विधिवत अध्ययन आरम्भ कर दिया। सतत चिंतन, मनन और भक्ति भाव में खोया तुम्हारा मन बाहर की दुनिया को भूलता चला गया। गहन समर्पण ने तुम्हारे भीतर अदृश्य जगत को देखने की दृष्टि पैदा कर दी। दृश्य जगत के पीछे छिपे अदृष्ट दृष्टा को देखना ही अब तुम्हारा ध्येय हो गया।'

22 बर्ष की युवा अवस्था मे जब विद्याधर ने सीधे मुनि दीक्षा ली तो सब चकित रह गये किन्तु उनकी प्रतिभा और कठिन साधना ने सबका समाधान कर दिया।

दीक्षा लेने के पूर्व उन्होंने गुरू महाराज के समक्ष जो शब्द निवेदित किये वह आज भी रोमांचित कर देते हैं – 'मैं समस्त चराचर जीवों को क्षमा करता हूँ, सभी मुझे क्षमा करें। मैं अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर के द्वारा प्ररूपित अनादिकालीन श्रमण धर्म की शरण को स्वीकार करता हूँ। मैं समस्त पूर्वाचार्यों की शरण स्वीकार करता हूँ। मैं दिगंबर जैनाचार्य श्री शांतिसागरजी, आचार्य श्री वीर सागरजी, आचार्य श्री शिवसागरजी महाराज की परम्परा में अपने साक्षात् गुरू श्री ज्ञानसागरजी महाराज की शरण स्वीकार करता हूँ, पूज्य महाराज मुझे जैनेश्वरी दीक्षा देकर अनुगृहीत करें।'

माँ कहती है, 'उस दिन अपने गुरू के साथ जब तुमने मोक्षमार्ग पर पहला कदम बढ़ाया, तब लगा मानों अचला कहलाने वाली धरा ने स्वयं चलकर तुम्हारे पग थाम लिये और कहा, हे श्रमण! यह रहे तुम्हारी विजय यात्रा के प्रथम चरण, जाओ और आत्म आकाश में अनन्त ऊँचाइयों पर अबाध विचरण करो।' प्रारंभिक दिनों में छत्तीस–छत्तीस घण्टे तुम्हारा एक ही आसन में अडिग रहकर आत्म चिंतन में खोये रहना, ठण्ड के दिनों में नदी के किनारे रेत पर रात गुजारना और बिना खबर दिये अन्जान रास्ते पर विहार कर देना, लोगों को बडा असुविधाजनक लगा पर धीरे–धीरे लोग समझ गये कि जो परिषयजयी वीतराग साधु इसी तरह अचानक अतिथि–भाव से मोक्ष–मार्ग पर विचरण करते हुये अपने मोह का क्षय करता है, सच्चा साधु वही है।

संयोग ऐसा बना कि जिन गुरूवर ज्ञानसागर जी महाराज ने उन्हें मुनि पद पर प्रतिष्ठत किया था, उन्हें अपना पद अपने शिष्य को सौंपना पड़ा और सबने जो हृदयस्पर्शी दृश्य देखा वह अकल्पनीय था। ज्ञानसागरजी महाराज अपने शिष्य को आचार्य पद देकर उनके चरणों मे बैठकर उनसे निवेदन कर रहे थे, 'हे आचार्य महाराज! मैं अपना अंतिम समय समीप जानकर आपके श्री चरणो में सल्लेखना की याचना करता हूँ आप मुझ पर अनुग्रह करें।'

माँ कहती है, 'यह वीतरागता की पराकाष्ठा थी, अहम् के विर्सजन और समर्पण की अद्‌भुत बेला थी। अपने जिस शिष्य को आज तक हाथ पकड़ कर लिखना–पढ़ना, बोलना और चलना सिखाया, आज उसे ही अपना गुरू बना लिया। इतना ही नहीं अपना शेष जीवन उसके सुदृढ हाथों में सौंप दिया।' माँ ने भी अपने दोनों छोटे बेटे उन्हें सौंप दिये, दोनों बेटियों ने आजीवन ब्रम्हचर्य व्रत ले लिया, एक बेटा सदगृहस्थ बना। पिता और माँ ने आचार्यश्री के मार्गदर्शन में आचार्य धर्मसागर जी के चरणों में मुनि और आर्यिका दीक्षा ग्रहण कर ली। पिता मुनि श्री मल्लिसागर जी और माँ आर्यिका समयमति जी के रूप मे समाधिस्थ हो गये।

आचार्य श्री विद्यासागरजी साधना के पद पर सतत अग्रसर हैं, उनकी चर्या निर्दोष है, उनकी साधना निर्दोष है, फलतः उनकी आतंरिक उपलब्धियाँ उत्तरोत्तर बढती चली जा रही हैं।

**– मुनि क्षमासागरजी /यशपाल जैन**

**आत्मान्वेषी से साभार (आचार्य श्री विद्यासागरजी की जीवनी एवं संस्मरण - रचयिता मुनिश्री क्षमासागरजी)**
**प्राप्ति स्थल-मैत्री समूह, विदिशा - Ph.: 76940 05092, 94254 24984**

---

# मुनिश्री क्षमासागर जी व्दारा प्रवचनों में सुनाये गए कुछ संस्मरण

## तप–विनय

सन् 1987 में सारा संघ सिद्धक्षेत्र नैनागिरि में विराजमान था। सर्दी के दिन थे। एक दिन आचार्य–महाराज (आचार्यश्री विद्यासागरजी) ने उपवास किया और दूसरे दिन आहार–चर्या के समय जब पुनः मालूम पड़ा कि आचार्य–महाराज दूसरा उपवास कर रहे हैं तो सभी को आश्चर्य हुआ, ठण्ड के दिनों में उपवास की साधना बहुत कठिन है। दो–तीन मुनिजनों ने भी उस दिन आचार्य–महाराज से उपवास का संकल्प ले लिया। तीसरे दिन आहार–चर्या के समय जब हम लोगों ने देखा कि आचार्य–महाराज आज भी आहार के लिए नहीं जा रहे हैं, तब हम सभी उनकी तपस्या देखकर अभिभूत हो गए। हमारे मन में भी उपवास करने का भाव जागा और हमने आचार्य–महाराज की आज्ञा से उपवास धारण कर लिया। आचार्य महाराज बहुत प्रसन्न हुए। उस दिन हम जब–जब आचार्य महाराज की सेवा करने उनके चरणों में बैठे, उन्होंने हर बार हमारी कुशलता पूछी, सबसे हमारे उपवास की प्रशंसा की। स्वयं महान तपस्वी होकर हमारे जैसे अल्पज्ञ के द्वारा जरा सा तप करने पर भी प्रसन्नता व्यक्त करना और प्रशंसा करना यही आचार्य महाराज की महानता है, यही वास्तविक तप–विनय है।

## प्रेरणा

एक बार आचार्य–महाराज संध्याकालीन प्रतिक्रमण खड़े होकर कर रहे थे। वैसे सामान्यतः बैठकर ही करते थे, ऐसा हम लोगों ने देखा था। यह जरा नयी बात लगी। अवसर पाकर हमने पूछ लिया कि आज तो आप खड़े होकर प्रतिक्रमण कर रहे थे, कोई विशेष बात थी क्या? आचार्य–महाराज हँसने लगे, बोले–जब मैं खड़े होकर करूँगा तभी तो तुम लोगों को सजग होकर प्रतिक्रमण करने की प्रेरणा मिलेगी। बाद में मालूम पड़ा कि हममें से कोई मुनिराज दीवार से टिककर प्रतिक्रमण कर रहे थे। उनको सहज ही सजग, सावधान, निरालस होकर प्रतिक्रमण करने की प्रेरणा मिल गयी। अगर विचार करें तो कितनी सारी विशेषताएं आचार्य–महाराज के इस आचरण से देखने और सीखने को मिल गयीं। आचार्य–महाराज सदैव अपने आत्म–कल्याण के साथ–साथ अपने शिष्यों के कल्याण के प्रति भी सजग रहते हैं।

## व्यवहार-कुशलता

एक बार की बात है कि हम दो साधुओं ने आचार्य महाराज से कुछ दिन का मौन व्रत लिया। हम दोनों साधु आचार्य महाराज के सामने ही एक साथ बैठते थे। एक दिन कोई बात समझ में नहीं आने पर स्लेट पट्टी पर लिखकर उन साधु ने हमसे वह बात पूछी। हमने स्लेट पर लिखकर बता दी। आचार्य–महाराज ने देख लिया और फौरन कहा कि देखो, मौन लेने के बाद यह व्यवहार ठीक नहीं है। हमें अपनी गलती का अहसास हो गया। दूसरे के द्वारा कुछ पूछने पर मुझे इंकार कर देना था कि मेरा मौन है, पर मैंने जवाब लिखकर दिया यह गलती स्पष्ट थी। हमें बहुत पश्चाताप् हुआ, हमारे आँसू आ गए और हमने आचार्य महाराज के चरणों में प्रायश्चित् का निवेदन किया तो आचार्य महाराज बोले –तुम्हारी गलती नहीं है। जिसने तुमसे पूछा, उसकी गलती है। प्रायश्चित् पहले उसे लेना चाहिए। यह है आचार्य महाराज की व्यवहार–कुशलता, जिससे सभी अपने–अपने कर्तव्य को समझकर व्यवहार करें और गलती न होने पाए।

## आत्म-समर्पण

जीवन का अंत निकट जानकर जिनेन्द्र वर्णीजी ने आचार्य–महाराज को अपना गुरु मानकर उनसे सल्लेखना की याचना की। आचार्य–महाराज ने थोड़े समय रूककर तीर्थराज सम्मेद शिखरजी की वंदना के उपरान्त ईसरी–बाजार में वर्णीजी को क्षुल्लक के व्रत देकर सल्लेखना की साधना प्रारंभ करा दी। एक दिन अचानक सुबह–सुबह बिना किसी को बताए आचार्य–महाराज ने विहार कर दिया। थोड़ी दूर जाने के उपरान्त मालूम पड़ा कि आचार्य–महाराज नीमिया घाट से होकर पहाड़ चढ़कर सीधे पार्श्वनाथ भगवान की टोंक तक जाएँगे और वहाँ से पूरी वंदना करके वापिस लौटेंगे। सारा संघ आचार्य–महाराज के साथ वंदना करके लौटा। ईसरी पहुँचते–पहुँचते शाम हो गई। जिनेन्द्र वर्णीजी सारे दिन असमंजस में रहे कि क्या करें? आचार्य–महाराज के बिना सल्लेखना कैसे होगी? और आचार्य–महाराज तो कुछ कहे बिना ही चले गए। आचार्य–महाराज ने जैसे ही ईसरी बाजार के आश्रम में प्रवेश किया और वर्णीजी से मिले तो वर्णीजी विह्वल हो गए और बोले, "महाराज, मुझे एक मात्र आपका ही सहारा है और आप ही बिना बताये मुझे अकेला छोड़कर चले गए। मैं तो घबरा गया था।" तब आचार्य–महाराज हँसकर बोले, "वर्णीजी, मैं तो निमित्त मात्र हूँ। सल्लेखना तो स्वयं आपको करनी है, मोक्षमार्ग तो स्वाधीन है, स्वाश्रित है।"

देखिये, सहारा भी दिया और स्वाधीनता का पाठ भी सिखा दिया। यह विशेषता है आचार्यों की।

## दूरदर्शी हमारे गुरुवर

सन् 1978 की बात है। आचार्य–महाराज, उन दिनों सिद्धक्षेत्र नैनागिरि में चातुर्मास कर रहे थे। आहार के उपरान्त संघस्थ सभी साधुजन, आचार्य महाराज के समक्ष विनयपूर्वक प्रत्याखान करते थे। यदि अष्टमी या चतुर्दशी आने वाली होती थी तो विशेष रूप से उपवास आदि तप ग्रहण करते थे। मुनि श्री समयसागरजी एवं मुनिश्री योगसागरजी उन दिनों ऐलक थे और दोनों महाराज सदा अष्टमी–चतुर्दशी को उपवास करते थे। सो उन्होंने हमेशा की तरह उपवास करने की आज्ञा माँगी। आचार्य महाराज बोले, "तुम अवमौदर्य कर लो।" दोनों महाराजों ने गुरु आज्ञा को शिरोधार्य किया। मुनि नियमसागर जी भी उन दिनों ऐलक थे, वे सदा अष्टमी चतुर्दशी को अवमौदर्य की साधना करते थे। जब उन्होंने अवमौदर्य की आज्ञा चाही तो आचार्य महाराज बोले, "तुम उपवास कर लो।" देखने वाले सभी लोग चकित थे, पर बात स्पष्ट थी कि तप गुरु की आज्ञा से करना चाहिए। गुरु जानते हैं कि किसे किस तरह से तपस्या करनी है। जिससे उपवास की साधना सहज रूप से हो जाती है उसे अवमौदर्य की साधना में भी कुशल होना चाहिए और जिसे अवमौदर्य करना सहज है उसे उपवास की साधना में निष्णात बनाने का भाव गुरुजनों का होता है। इस तरह गुरु की आज्ञा से तप करने में विनय भाव और विविध प्रकार के तप करने का साहस उत्पन्न होता है।


## दान देने वाला बड़ा है या लेने वाला ?

सन 1980 की बात है। आचार्य महाराज के चरणों में बैठकर बड़े–बड़े विद्वान, सागर नगर में आगम ग्रंथों का स्वाध्याय कर रहे थे। चर्चा आयी कि दान देने वाला बड़ा है। उसके दान से धर्म और धर्मात्मा की रक्षा होती है। आहार–दान देते समय श्रावक का हाथ साधु से ऊपर रहता है। सभी लोग हँसने लगे। आचार्य महाराज भी हँसकर बोले कि पंडित जी यह भी बताओ कि ऊपर वाले का हाथ काँपता रहता है या नीचे वाले का? सब लोग चकित रह गए। इतना सटीक जवाब था कि देने वाला बड़ा नहीं है, बड़ा तो लेने वाला है जो देने वाले पर कृपा करके उसके दान को स्वीकार कर रहा है। अगर लेने वाला, दान को स्वीकार ना करे तो दान देने वाले का दान, सेवा करने वाले की सेवा व्यर्थ हो जाएगी। विनोबा ने भी लिखा है– "अच्छा है साधु जनों को भी भूख लगती है तभी तो हमें अतिथि–सत्कार करने का सौभाग्य मिलता है।"

''दीप उनका
रोशनी उनकी
मैं जल रहा हूँ।
रास्ते उनके
सहारा भी उनका
मैं चल रहा हूँ।
प्राण उनके
हर साँस उनकी
मैं जी रहा हूँ।''

**(मुनि क्षमासागर जी)**

## विनम्र श्रद्धा



सिवनी के बड़े मन्दिर में आचार्य महाराज विराजे थे। वयोवृद्ध विद्वान पंडित सुमेरूचंद जी दिवाकर उनके दर्शन करने आए। तत्वचर्चा चलती रही। जाते समय पंडित जी बोले, ''महाराज, हमें तो आचार्य शान्ति सागर जी महाराज ने एक बार मंत्र जपने के लिए माला दी थी, जो अभी तक हमारे पास है।'' पंडित जी का आशय था कि आप भी हमें कुछ दें, पर आचार्य महाराज तत्काल बोले,''पंडित जी! हमें तो हमारे आचार्य महाराज मालामाल कर गए हैं।'' माला की लय में मालामाल सुनकर सभी हँसने लगे।


इस स्वस्थ मनोविनोद में अपने पूर्वाचार्यों के प्रति विन्रम–श्रद्वा, उनसे प्राप्त मोक्षमार्ग के प्रति गौरव और अपनी लघुता–ये सभी बातें छिपी थीं। साथ ही एक संदेश भी पंडितजी के लिए, शायद सभी के लिए था कि चाहो तो महाव्रती होकर स्वयं भी मालामाल हो जाओ, अकेली माला कब तक जपते रहोगे।

सिवनी, 1991

## कविता

### खेल

देखा,
एक वृक्ष के नीचे
टूटे गिरे
छिन्न सूखे
पत्तों पर
उछल-कूद करती
चिड़ियों का
अपने ही पैरों की
ध्वनियाँ सुनना
और मुग्ध हो
कुछ कहकर
फिर चुप रहकर
विस्मय से
सब ओर देखना।
लगा, जगत का खेल
यही है इतना,
अपनी ही
प्रतिध्वनियों में
विस्मय विमुग्ध हो
खोये रहना।



मुनि क्षमा सागर जी
अंग्रेजी अनुवाद - सुनीता जैन
साभार 'मुक्ति' से

### PLAY

I saw
under a tree
on dry leaves,
birds playing
and listening
to the music
of their own footfall.
They seemed so happy
as they looked about:
so much in love with the
sound of their
own making.
I realized
that all we do on the
world-stage is only this:
to hear the echoes
of our own voices
and remain oblivious
to everthing else.

# महत्वपूर्ण चिट्ठी



एक घर के पास काफी दिन से एक बड़ी इमारत का काम चल रहा था। वहाँ रोज मजदूरों के छोटे–छोटे बच्चे एक दूसरे की शर्ट पकड़ कर रेल–रेल का खेल खेलते थे। रोज कोई बच्चा इंजन बनता और बाकी बच्चे डिब्बे बनते थे।
इंजन और डिब्बे वाले बच्चे रोज बदल जाते पर केवल चड्ड़ी पहना एक छोटा बच्चा हाथ में रखा कपड़ा घुमाते हुए रोज गार्ड बनता था।

एक दिन मैंने देखा कि उन बच्चों को खेलते हुए रोज देखने वाले एक व्यक्ति ने कौतूहल से गार्ड बनने वाले बच्चे को पास बुलाकर पूछा–'बच्चे, तुम रोज गार्ड बनते हो। तुम्हें कभी इंजिन, कभी डिब्बा बनने की इच्छा नहीं होती?'

इस पर वो बच्चा बोला–'बाबूजी, मेरे पास पहनने के लिए कोई शर्ट नहीं है तो मेरे पीछे वाले बच्चे मुझे कैसे पकड़ेंगे और मेरे पीछे कौन खड़ा रहेगा? इसीलिए मैं रोज गार्ड बनकर ही खेल में हिस्सा लेता हूँ।'

ये बोलते समय मुझे उसकी आँखों में पानी दिखाई दिया। वो बच्चा माँ–बाप से गुस्सा होकर रोते हुए बैठ सकता था। परन्तु ऐसा न करते हुए उसने परिस्थितियों का समाधान ढूँढ़ा। उस छोटे से बच्चे ने जीवन का एक बड़ा पाठ मुझे पढ़ाया कि हम जीवन की समस्याओं से निराश ना हों और शिकायत करने की बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करें।


मैत्री समूह

BOOK-POST

Chirping Sparrow

Year - 15, Issue - 3

A Newsletter of Maitree Samooh



From
**MAITREE SAMOOH**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com
www.facebook.com/maitreesamooh
Mob.: 9425424984, 7694005092
(Maitree Samooh is a Registered Trust in Delhi)


To, ____________________

____________________

____________________